
# अब बतलाओ

सब जानते हैं कि चूहे और बिल्ली में घोर शत्रुता है। बिल्ली को देखते ही चूहा जान बचाकर भागता है। इस कविता में चूहे और बिल्ली की ऐसी ही कहानी है। एक बिल्ली चूहे को पकड़ने के लिए दौड़ती है, चूहा भागता है। आओ देखें, चूहे की जान कैसे बचती है ।



कोने में बिल्ली जो देखी
भागा चूहा आँख बंद कर।
पीछे–पीछे बिल्ली दौड़ी,
तेज चाल से उछल–उछलकर।।

चूहे को कुछ पता नहीं था,
गहरा कूआँ पड़ा सामने।
आँख बंद होने के कारण,
पानी में गिर, लगा काँपने।।



बिल्ली रानी लगी सोचने,
अब मैं कैसे भूख मिटाऊँ।
कौन यत्नकर, मैं चूहे को,
पानी से बाहर ले आऊँ ?

चुपके–चुपके गई कहीं से,
रस्सी एक ढूँढ़कर लाई।
फिर उसने वह जल्दी–जल्दी
कूएँ के अंदर लटकाई।।



चूहे ने वह रस्सी पकड़ी,
और साथ ही ऊपर ताका।
उसी समय बिल्ली रानी ने,
कूएँ में नीचे को झाँका।।

मेरे साथी अब बतलाओ,
चूहा क्या ऊपर आएगा ?
या रस्सी को छोड़ कुएँ के,
पानी में ही मर जाएगा ?

## शब्दार्थ

यत्न – प्रयत्न, कोशिश
ताका – चुपके से देखा
झाँका – नीचे झुककर देखा

## प्रश्न और अभ्यास

प्र.1. चूहा क्यों भागा था ?

प्र.2. चूहा कुएँ में कैसे गिर पड़ा ?

प्र.3. चूहे को कुएँ में गिरा देखकर बिल्ली क्या सोचने लगी ?

प्र.4. चूहे को कुएँ से निकालने के लिए बिल्ली ने क्या तरकीब सोची ?

प्र.5. चूहे ने रस्सी पकड़ ली। वह ऊपर जाना चाहता था लेकिन तभी उसे ऊपर बिल्ली दिखाई पड़ी। अब बताओ कि चूहा ऊपर जाएगा या वहीं पानी में पड़ा रहेगा ?

प्र.6. कविता में से वे पंक्तियाँ चुनकर लिखो जिनमें–

क. चूहे का कुएँ में गिरना बताया गया है।

ख. चूहे को काँपते हुए बताया गया है।

ग. बिल्ली चूहे को कुएँ से निकालने का प्रयत्न करती है।

घ. बिल्ली के द्वारा चूहे का पीछा करना बताया गया है।

प्र.7. बिल्ली और चूहे का बैर है। इसी प्रकार कुछ अन्य जीवों का आपस में बैर रहता है। इस तरह के जीवों की सही जोड़ियाँ बनाओ :

| क | ख |
|---|---|
| नेवला | हिरन |
| बाज | मेंढक |
| शेर | साँप |
| भेड़िया | चिड़िया |
| साँप | बकरी |

प्र.8. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाओ –

क. सही शब्द है –

अ. कुआँ

ब. कुँआ

स. कुँआँ

ख. इनमें से "यत्न" शब्द का अर्थ है –

अ. रत्न

ब. खुशी

स. कोशिश

ग. इनमें से "ऊपर" शब्द का विलोम शब्द है –

अ. नीचे

ब. पीछे

स. आगे

घ. चूहा रहता है –

अ. पेड़ पर

ब. घोंसले में

स. बिल में

# हाय री किस्मत

1

घर में एक छोटा
चूहा दौड़–भाग
कर रहा था।



2




इतने में एक बिल्ली
आकर उस पर झपटी।
चूहा एक बोतल
में घुस गया।

3

बिल्ली ने बोतल में
पंजा डालकर उसे पकड़ने
की कोशिश की, लेकिन
पंजा बोतल में नहीं गया।





4

बिल्ली चली गई। तब और चूहे वहाँ आ गए। एक चूहे पर दूसरा, उस पर तीसरा बैठा। उसने पूँछ बोतल में डाल दी।

5

पूँछ के सहारे बोतल में से छोटा चूहा निकल आया। सारे चूहे बिलों में भाग गए।





6

बिल्ली आई। वह साथ में काँटा लाई थी। खाली बोतल देखकर उसने माथा ठोंका। बिल में बैठे चूहे उसे चिढ़ाने लगे

## रचना

- तुमने कक्षा 2री में ''चूहों, म्याऊँ सो रही है'' कविता पढ़ी होगी उसे लिखकर अपनी कक्षा की दीवार पर लगाओ।

## योग्यता विस्तार

- चूहा बिल्ली का भोजन है, अगर बिल्ली चूहों को खाना छोड़ दे तो क्या होगा ?
- भेड़िए और मेमने के संबंध में ऐसी ही कहानी बनाकर कक्षा में सुनाओ।
- बिल्ली के बारे में तुमने कविता पढ़ी। अब यहाँ उसी के संबंध में यह कविता भी पढ़ो।

मेरी बिल्ली, बड़ी निठल्ली
लेटी रहती, ढीलम–ढिल्ली।

चूहे आते, धूम मचाते,
खूब उड़ाते, खुल्लम खिल्ली।

नहीं झपटती, नहीं पकड़ती,
हरदम करती, टालम टिल्ली।

–कृष्णकांत तैलंग

43PLB4

### शिक्षण–संकेत

- कविता को हाव–भाव और लय के साथ पढ़ें और अनुकरण वाचन कराएँ।
- पढ़ने का अवसर सभी विद्यार्थियों को दें।
- विद्यार्थियों के उच्चारण पर विशेष ध्यान दें।
- बच्चों को बाल–पत्रिका–बचपन–पढ़ने के लिए दें।
- बचपन बाल–पत्रिका से कविता, कहानी पढ़कर सुनाने के लिए कहें।